卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 305 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦12 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दिल्ली सेवा विधेयक बना कानून

### विधेयक को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। दिल्ली सेवा विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। इसी के साथ अब यह कानून बन गया है। भारत सरकार की अधिसूचना में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम 2023 को लागू करने की जानकारी दी गई है। इससे पहले सरकार ने सात अगस्त को संसद से दिल्ली सेवा विधेयक पारित हो गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1 अगस्त को संसद में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किया था। यह कानून राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर अध्यादेश की



जगह लेगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में कहा, इस अधिनियम को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम, 2023 कहा जाएगा। इसे 19 मई, 2023 से लागू माना जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 (जिसे इसके बाद मूल अधिनियम के रूप में संदर्भित किया गया है) की धारा 2 में खंड (ई) में कुछ प्रावधान शामिल किए गए। श्उपराज्यपालश का अर्थ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए संविधान के अनुच्छेद 239 के तहत नियुक्त प्रशासक और राष्ट्रपति द्वारा उपराज्यपाल के रूप में नामित किया गया है। विधेयक (शेष पृष्ठ सात पर)

## धामी के पूर्व निजी सचिव समेत सात लोगों पर धोखाधड़ी का केस

देहरादून(उद संवाददाता)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पंजाब के भाजपा नेता की शिकायत का संज्ञान लेते हुए अपने पूर्व निजी सचिव समेत सात लोगों पर ठगी का मुकदमा दर्ज करा दिया। दरअसल,पंजाब के भाजपा नेता ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के पूर्व निजी सचिव प्रकाश चंद उपाध्याय समेत सात पर करोड़ो की ठगी का आरोप लगाया है। पूर्व निजी सचिव ने उन्हें सरकारी टेंडर दिलाने और दवा सप्लाई का काम दिलाने का झांसा देकर 3.42 करोड़ रुपये से ज्यादा ठग लिए , इसमें पटियाला के कई भाजपा नेता शिकार हुए हैं। पटियाला जिले के भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव कुमार पिछले साल मुख्यमंत्री कार्यालय में उनके निजी सचिव प्रकाश चंद उपाध्याय से मिले। उपाध्याय से उनकी दोस्ती हो गई। इस बीच उपाध्याय ने संजीव से कहा, वह उन्हें कई तरह के सरकारी काम दिला सकते हैं। इसके लिए अन्य साथियों की तलाश करनी होगी। संजीव ने उनकी बात पर विश्वास कर अपने कारोबारी दोस्तों से संपर्क किया। उनकी कुछ दवा सप्लाई और निर्माण संबंधी फर्म थीं। इसके बाद उपाध्याय ने (शेष पृष्ठ सात पर)

**सरकारी टेंडर दिलाने और दवा सप्लाई का काम दिलाने के नाम पर की गयी करोड़ों की ठगी**

## चोरों ने बंद घर खंगाल लाखों के जेवर और नगदी उड़ाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा जहां एक ओर चोरी की घटनाओं का खुलासा कर रही है तो वहीं दूसरी ओर शातिर चोर एक के बाद एक चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस के समक्ष लगातार चुनौतियां खड़ी कर रहे हैं। शहर में अब धीरे–धीरे चोरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।अब चोरी का एक मामला बरेली रोड स्थित गौजाजाली क्षेत्र से सामने आया है। जहां अज्ञात चोरों ने एक बंद घर से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में जगदीश चन्द्र शर्मा निवासी ग्राम गौजाजाली दक्षिण ने कहा है कि वह बीते दिनों घर में ताला लगाकर अपने ससुराल गया था। गुरुवार को जब बड़े भाई ने मकान की ओर झांका उन्होंने देखा मकान का पिछला चौनल एवं दरवाजा टूटा हुआ था। सूचना मिलते ही वह घर वापस लौट आए। उन्होंने अन्दर जाकर देखा तो अलमारियों के ताले एवं लॉकर टूटे हुए मिले। जिसमें सारा सामान बिखरा हुआ था। अलमारी और लॉकर में रखा लाखों के जेवरात के साथ ही 40 हजार रुपये की नगदी चोरी हुई थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आस पास लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज देखी। चोरों को दबोचने के लिए पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अभद्रता पर गदरपुर चेयरमैन के खिलाफ मुकदमा

### सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन, अध्यक्ष और उनके साथियों की गिरफ्तारी की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। विभिन्न मांगों के समर्थन में नगर पालिका के सामने धरना दे रहे सफाई कर्मियों ने नगर





पालिका परिषद चेयरमैन गुलाम गोस और उनके भाई तारिक उल्ला खा पर अभद्रता का आरोप लगाया है। सफाई कर्मियों ने मामले को लेकर थाने पर पहुंचकर चेयरमैन के खिलाफ प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी की मांग की। मामले में पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार नगर पालिका के सफाई कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगरपालिका के सामने धरना दे रहे थे। आरोप है कि शुक्रवार की शाम नगर पालिका परिषद चेयरमैन गुलाम गौस अपने भाई तारिक उल्ला और एक अन्य व्यक्ति के साथ नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे। (शेष पृष्ठ सात पर)

### भाजपा जिलाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद हुआ मुकदमा दर्ज

गदरपुर। नगर पालिका में पिछले लगभग 15 दिनों से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे वाल्मीकि समाज के लोगों से अध्यक्ष गुलाम गोस का एक नोक झोंक का वीडियो सामने आया है जिसको लेकर सभी पर्यावरण मित्र देर रात तक थाने में धरना प्रदर्शन कर गुलाम गोस के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग (शेष पृष्ठ सात पर)

## कमरे से मोबाईल चुराते दो चोर दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि शास्त्री नगर ट्रांजिट कैम्प में एक कमरे से मोबाईल चोरी कर रहे दो चोरों को जाग हो जाने पर मौके पर दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेक प्रताप सिंह पुत्र राणा उदय प्रताप सिंह हाल निवासी वार्ड 12. शास्त्री नगर, मूल निवासी ग्राम अस्चर मई, पोओ मरौरी, थाना उसावा जिला बदांयू ने कहा है कि 10 अगस्त को रात दो अज्ञात चोरों ने कमरे से मोबाईल चोरी (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक किलो चरस समेत दो तस्कर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी चौकी पुलिस तथा एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में दो नशा तस्करों को भारी मात्रा में चरस सहित गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उनि गुलाब सिह चौकी प्रभारी मण्डी व जिला स्तरीय एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पी डब्लू डी गोदाम के पास वाहन संख्या यूके 01 ए 8562 को रोककर उसमे सवार संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता रूपेश कश्यप पुत्र राजेन्द्र कश्यप निवासी गली न0 4 राजपुरा तथा शुभम गुप्ता पुत्र चन्द्र प्रकाश गुप्ता निवासी गली न0 01 वेलेजलीलॉज सौरभ होटल के पास बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से कुल 1.011 किलोग्राम चरस बरामद की। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि यह चरस गौलापार से एक व्यक्ति से खरीद कर लाये हैं और मण्डी व ट्रान्सपोर्ट नगर में अधिक दामों में बेचकर मुनाफा कमाने के फिराक में थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में उनि गुलाब सिह कम्बोज प्रभारी (शेष पृष्ठ सात पर)



## दबंगों ने सरेआम युवक को लाठी–डंडों से किया अधमरा

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में देर रात दबंगों ने सरे राह एक युवक से गाली गलौज करते हुए उसे लाठी डंडों से मारपीट कर अधमरा कर दिया। घायल की हालत अस्पताल में बेहद चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर दो को नामजद करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला महेशपुर जीत कॉलोनी निवासी मनोज पाल पुत्र स्वर्गीय राजकुमार ने बताया कि बीते 8 अगस्त की रात्रि लगभग 11 बजे उसका भाई रवि पाल मुरादाबाद रोड स्थिति एक खोखे से चाय पीकर वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान जसपुर अड्डे के समीप स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के पास मोहल्ला महेशपुर बाल्मीकि बस्ती निवासी पवन पुत्र चमन तथा आलोक पुत्र अज्ञात ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसका रास्ता रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जब उसके भाई ने इसका विरोध किया तो (शेष पृष्ठ सात पर)

## अधिवक्ता संजीव आकाश से दबंगों ने की गाली गलौज

काशीपुर(उद संवाददाता)। बेटी को मोटरसाइकिल पर बिठाकर ट्यूशन छोड़ने जा रहे अधिवक्ता के साथ मार्ग में दो लोगों ने गाली गलौज करते हुए हमले का प्रयास किया। शरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर गिरीताल मंदिर के सामने गिरीताल रोड निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव आकाश पुत्र पोशाकी लाल ने बताया कि गत शुक्रवार की शाम लगभग 6 बजे वह अपनी पुत्री अदिति को मोटरसाइकिल पर बिठाकर ट्यूशन छोड़ने के लिए गढ़वाल सभा की ओर जा रहे थे इसी दौरान गिरीताल मंदिर से बमुश्किल डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर सामने से चला रहा भरत नेगी तथा पीछे सवार उसके साथी सीतापुर आई हॉस्पिटल रोड निवासी अजय कुमार आर्य पुत्र प्रकाश चंद्र आर्य ने उसका रास्ता रोक कर सरेराह गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान अधिवक्ता ने जब बुलेट मोटरसाइकिल सवार बदमाशों का पीछा शुरू किया तो वह अचानक गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते मौके से फरार हो गए। पुलिस को दी तहरीर में अधिवक्ता संजीव आकाश ने बताया कि उन्होंने लगभग 3 वर्ष पूर्व अजय आर्य की पत्नी का केस लड़ा था इसी के बाद से वह उनसे रंजिश रखता है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## गौलापार में लाखों की स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस तथा एसओजी टीम ने चौकिंग के दौरान गौलापार क्षेत्र से



दो नशा तस्करों को लाखों रुपए कीमत की अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी देते एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि गोलापुल से लगभग 150 मीटर पहले स्टेडियम की तरफ सडक पर कुल 218 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि काठगोदाम थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में उनि फिरोज आलम साथी पुलिस टीम व एसओजी टीम के साथ संयुक्त चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गौलापार गौलापुल से कुछ पहले स्टेडियम की तरफ सडक पर वाहन संख्या यूपी 25 डी पी 0318 पर आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता शिशुपाल वर्मा पुत्र गुलफाम निवासी शिवनगर पोस्ट सिमरावोरीपुर, थाना–कैंट ,जिला बरेली तथा(शेष पृष्ठ सात पर)

## रुद्रपुर में फिर पकड़े तीन स्मैक तस्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाईक सवार तीन नशा तस्करों को बिलासपुर बार्डर पर लाखों रूपये की अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। सीओ सिटी अनुषा बडोला ने खुलासा करते हुए बताया कि एसएसआई अर्जुन गिरी साथी पुलिस कर्मियों कानि. अमित जोशी, विशाल रावत, हेम फुलारा, हयात सिह के साथ क्षेत्र मे गश्त कर रहे थे। जब वह इन्द्रा चौक पर पहुँचे तो मुखबिर से एक सूचना मिलने पर टीम रामपुर बॉंर्डर के पास बिलासपुर की ओर से दो मोटर साईकिलों पर सवार तीन लोग आते दिखाई दिये। पुलिस को देख उन्होंने अपनी अपनी मोटर साईकिलो का स्टार्ट कर भागने का प्रयास करने लगे जिस पर पुलिस कर्मियो (शेष पृष्ठ सात पर)

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में पहुंचेगे कई दिग्गज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। 14 अगस्त को काशीपुर रोड एंबिएंस बैंकट हाल में होने वाले में होने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस व हिन्दू बंगाली समाज सम्मान समारोह कार्यक्रम की जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत कई दिग्गज पहुंचेगे। कार्यक्रम के सम्बंध में जानकाीर देते हुए संयोजक विधायक शिव अरोरा ने बताया कि विभाजन विभीषिका कार्यक्रम हिन्दू बंगाली समाज के सम्मान में आयोजित हो रहा है जो उस समय पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा थे उन्होंने विभाज के उस मंजर उस समय की यातनाओं को झेला है उन सभी हिन्दू बंगाली समाज के लोगो के सम्मान में यहाँ कार्यक्रम जिसमे बतौर मुख्यातिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उपस्थित रहने वाले हैं , वही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट , वही केंद्र में जहाजरानी राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर, वही प्रदेश से जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा भी मौजूद रहने वाले हैं। विधायक ने कहा कार्यक्रम 14 अगस्त को सुबह 10 बजे एमबिन्स बैंकट हाल में होगा जहां बंगाली समाज के उस के विभीषिका झेलने वाले लगभग 1000 लोगो को सम्मानित किया जायेगा वही उस विभाजन मे अपनी जान गंवाने वालो की आत्मा की शांति हेतु हवन यज्ञ किया जायेगा । विभाजन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री व प्रदर्शनी के माध्यम से विभाजन की स्मृतियों को देखने की योजना भी है साथ ही अलग अलग स्टोल के माध्यम से बंगाली समाज की संस्कृति को दिखाने की योजना है कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा चुका है विधायक बोले कार्यक्रम बेहद भव्य दिव्य रूप देने के लिये इसमे बंगाली समाज की महिलाये अपने पारम्परिक परिधान में नजर आयेगी ओर कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रस्तुति दिखाई देगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा कार्यक्रम बहुत भव्य होने जा रहा है लोगो मे इसको लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है । इस दौरान उत्तम दत्ता, के के दास , जगदीश विश्वास, शंकर चक्रवर्ती, रोबिन विश्वास, विजय डे, बॉबी दास, प्रियंका विश्वास,मयंक कक्कड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# नशे के इंजेक्शनों का सौदागर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एएनटीएफ तथा थाना बनभूलपुरा पुलिस ने संयुक्त रूप से गश्त के दौरान नशीले इंजेक्शन के सौदागर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक मनोज यादव जिला एएनटीएफ व बनभूलपुरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गश्त के दौरान शनि बाजार गेट के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता शोएब सैफी पुत्र उमर सैफी निवासी मोहम्मदी मस्जिद पप्पू का बगीचा, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 40 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ के दौरान शोएब ने बताया कि वह इंजेक्शन गोसिया मस्जिद के पास से एक व्यक्ति से खरीदकर लाता है और हल्द्वानी व आस-पास क्षेत्र में लड़कों को बेचकर अधिक पैसे कमाता है। पुलिस ने बरामद इंजेक्शन कब्जे में लेकर शोएब सैफी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज यादव, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, अमनदीप सिंह व सोनू सिंह शामिल थे।



# चेक बाउंस के मामले में एक वर्ष का कारावास,चार लाख जुर्माना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। चैक बाउंस के मामले में एसीजेएम नाजिश कलीम ने आरोपी को एक वर्ष के कठोर कारावास और 4 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।गंगापुर रोड स्थित शगुन ट्रेडिंग कंपनी के स्वामी मुकेश भटनागर द्वारा बताया गया कि ग्राम दंपो भतरोजखान जिला अलमोडा निवासी गिरीश सिंह रावत पुत्र रूप सिंह रावत द्वारा रूद्रपुर क्षेत्र में मकान बनाने के लिए उनके प्रतिष्ठान से सरिया व सीमेंट खरीदा था जिसके आंशिक भुगतान के रूप में यूटीआई बैंक के खाते का एक चैक 3 लाख 50 हजार रुपये का दिया था जो बाउंस हो गया जिसके बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता अमित छाबड़ा के द्वारा गिरीश सिंह रावत को विधिक नोटिस भेजा पर भुगतान नहीं किया गया तो उन्होंने अपने अधिवक्ता अमित छाबड़ा के माध्यम से एसीजेएम नाजिश कलीम के कोर्ट् में 18 मार्च 2020 को धारा 138 एनआई एक्ट के तहत मुकदमा कायम कराया जिसमें न्यायाधीश महोदय द्वारा समस्त तथ्यों व साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद गिरीश सिंह रावत को एक वर्ष के कठोर कारावास और 4 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुना दी जुर्माने की राशि में से 3-90 हजार रुपये परिवादी मुकेश भटनागर को देय होंगे और 10 हजार रुपये राजकीय कोष में जमा किए जायें।

# खाद्य विभाग की टीम ने लिये सेंपल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड एवं उपायुक्त कुमांउ मण्डल, नैनीताल के निर्देश पर राज्य में आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए व्यापक निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद ऊधम सिंह नगर में भी उक्त के क्रम में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण चलाया जा रहा है। जिसके तहत रूद्रपुर में अभिहित अधिकारी ऊधम सिंह नगर, डा० प्रकाश चन्द्र फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्रीमती अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्रीमती आशा आर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, पवन कुमार द्वारा रूद्रपुर स्थित प्रतिष्ठानों से अमूल क्रीम, मसाला, सरसों का तेल, मिल्क क्रीम, गरम मसाला, रिफाइंड के कुल 6 नमूने संग्रहित किये गये। अभियान के दौरान संग्रहित किये गये कुल 6 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। त्योहारी सीजन को देखते हुए निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण कार्यवाही सम्पूर्ण जनपद में लगातार जारी रहेगी।



# विद्युत चोरी में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिजली चोरी रोकने के लिए चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान दो भवनों में विद्युत चोरी पकड़े जाने पर सम्बंधित गृह स्वामियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। उपखण्ड अधिकारी अन्शुल मदान के नेतृत्व में चलाये गये चेकिंग अभियान के दौरान फुलसुंगा में शिव मंदिर के पास अमरीश शर्मा और सुरेश के घर पर विद्युत चोरी पकड़ी गयी। टीम ने मौके से केबल जब्त कर ली। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ विद्युत चोरी का केस दर्ज कराया गया है।

# आवास विकास में नाला निर्माण का किया शिलान्यास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह और पार्षद रीना जग्गा ने आवास विकास होली चौक से लेकर ओम प्रकाश के घर तक नगर निगम रूद्रपुर द्वारा कराए जा रहे बन्द नाले के निर्माण कार्य का वार्ड वासियों की मौजूदगी में विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि इस नाले का निर्माण होने से जलभराव से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा शहर में विकास कार्य जनभावनाओं के अनुरूप पूरे कराये जा रहे हैं। जनता से जो वायदे किये थे उनमें से अधिकांश वायदों को पूरा किया जा चुका है। जल्द ही कई विकास कार्य और पूरे किये जायेंगे। मेयर ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या वर्षो पुरानी हैं शहर के कई नाले और नालियों का निर्माण पूरा कर लिया गया है जिससे काफी हद तक जलभराव से राहत मिली है। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए शहर में सीवरेज सिस्टम की प्लानिंग बनायी जा रही है। जिसकी घोषणा पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कर चुके हैं। जल्द ही शहर को जलभराव से निजात दिलाने के लिए सर्वे होना है। मेयर ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप जल्द ही विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जायेगा। इस अवसर पर पार्षद रीना जग्गा, राजेश जग्गा, रोहतास बत्रा, हरीश अरोरा, रामकृष्ण पवार, नितेश गुप्ता, दाताराम, प्रेम कोचर, ललित लोहनी, विनीत चौहान,विकास वर्मा, अभिनव गुप्ता, बृजभूषण साहनी, सुरेंद्र कक्कड़,राजीव कामरा, चिमनलाल कामरा, हरीकृष्ण राजेश बत्रा सुभाष राणा ललित कंबोज,यशपाल शर्मा, हिमांशु कक्कड़, उमेश कक्कड़, कृष्णवंती, सुषमा अरोड़ा, लक्ष्मी चंद्र शर्मा, गौरव छाबड़ा, श्रीराम अरोड़ा,राहुल, बीना, श्री निवास शर्मा, आयुष, सरदार अजीत सिंह, संजीव सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
काशीपुर बाईपास रोड
05944-246817

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान समारोह कल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।क्रांतितीर्थ आयोजन समिति द्वारा कल 13 अगस्त को श्री श्याम गार्डन, देवलचौड़ में सायं 3:30 बजे से आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम के रूप में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों के सम्मान समारोह के रूप में क्रांतितीर्थ कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। प्रेस को संबोधित करते आयोजकों ने बताया कि क्रांतितीर्थ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रदीप जोशी पूर्व अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, अजय भट्ट केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री, विशिष्ट अतिथि नीरज शारदा, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती बेला तोलिया अध्यक्ष जिला पंचायत नैनीताल रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आशुतोष भटनागर निदेशक, जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र रहेंगे। क्रांतितीर्थ आयोजन समिति हल्द्वानी में संयोजक भगवानसहाय अग्रवाल, सह संयोजक विवेक कश्यप, सचिव सुरेश पांडे, सह सचिव श्रीमती विमला भट्ट, कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद्र बेलवाल हैं। समिति के संरक्षक डॉक्टर नीलांबर भट्ट, समरपाल, अमरनाथ जोशी हैं। प्रचार प्रसार में उमेश शाह, अतुल अग्रवाल, प्रदीप लोहनी, विनीत अग्रवाल हैं।



# रेनबो पब्लिक स्कूल में मॉडल प्रदर्शनी आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं अन्य सभी विषयों के मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 1 से 9 व 11 के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विषय, अंग्रेजी, हिन्दी, फाइन आर्टस, कम्प्यूटर आदि के उत्कृष्ट सचल (वर्किंग मॉडल) मॉडल प्रदर्शित किए। इन मॉडलों द्वारा उन्होने शिक्षा को करके सीखने की रुचि का अनूठा नमूना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पंतनगर से पधारे मुख्य अतिथि इनडेकुआ इंजीनियर्स एण्ड कसल्टैंटस के मैनेजिंग डायरेक्टर विष्णु कुमार सक्सेना ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उदघाटन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल भारती ने मुख्य अतिथि एवं पर्यावरण विद श्री सक्सेना को स्मृति चिहन भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री सक्सेना विद्यालय के प्रबन्धक संजीव मलिक गीतांजली मलिक उपप्रधानाचार्य संजय अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती पायल भारती के साथ विद्यार्थियों द्वारा निर्मित पार्किंग एवं नॉनवर्किंग मॉडल्स का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे जिनका विद्यार्थियों ने संतोषजनक उत्तर दिया। श्री सक्सेना ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के कठिन परिश्रम एवं अभिनव प्रयोंगो की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि यह प्रयास उन्हे सैद्धातिंक अध्ययन से व्यावहारिक कार्यान्वयन की ओर स्थानातरित करता है। प्रबंधक संजीव मलिक समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की शाबाशी दी एवं मुख्य अतिथि सहित समस्त अभिभावकगण का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानाचार्या पायल भारती ने कहा इस प्रदर्शनी का उद्देश्य शिक्षा को बालकेन्द्रित एवं गतिविधि आधारित बनाकर शिक्षा के प्रति बच्चों की रुचि जाग्रत करना है। विद्यालय उनके समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कोआर्डीनेटर जी.एस. रावत, जिंदर कौर, काजल झाम, सरिता सिंह, नैना अरोरा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।





# नई शिक्षा नीति से निर्मित होगा बहुआयामी व्यक्तित्व: राजीव रत्न

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्राप्त करने वाले नए छात्र छात्रों का एक दिनी अभी विन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के प्रावधानों कुमाऊं विश्वविद्यालय के अध्यादेशों प्रवेश नियम तथा महाविद्यालय द्वारा निर्धारित विविध नियमों से परिचित कराने के उद्देश्य से यह अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ राजीव रत्न ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 प्रत्येक विद्यार्थी में अंतर निहित बहु आयामी प्रतिभा की विकास एवं संवर्धन में सक्षम है ।प्रत्येक विद्यार्थी पूरे मनोयोग से महाविद्यालय की कार्यक्रमों में जुड़कर अपने बहुमुखी व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है। तथा देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका






निभा सकता है। भारतीय परंपरा और संस्कृति मूल्यों को बचाए रखना हर विद्यार्थी एवं अध्यापक का बुनियादी दायित्व है इसका पालन महाविद्यालय की प्रत्येक इकाई के लिए अनिवार्य है। नई नीति को धरातल पर उतरने के लिए जल्द ही वार्षिक कार्यक्रम कैलेंडर जारी किया जाएगा जल्द ही महाविद्यालय में उपलब्ध ही संसाधनों से विद्यार्थी लाभ उठा सकेंगे विद्यार्थी अपने अध्ययन के लिए महाविद्यालय पुस्तकालय के साथ-साथ ही पुस्तकालय तथा एन डी एल एप्लीकेशन की मदद ले सकते हैं प्रवेश समिति संयुक्त संयोजक डॉक्टर प्रकाश चंद भाटी ने नई शिक्षा नीति की व्यापकता विद्यार्थियों के सामने रखा कहां की यह नीति लचीली ब व्यापक और समावेशी है अब विद्यार्थी 2 सेमेस्टर के बाद सर्टिफिकेट 4 सेमेस्टर के बाद डिप्लोमा 3 सालों के बाद डिग्री प्राप्त कर सकेगा ।मेजर इलेक्टिव के साथ विद्यार्थियों को माइनर इलेक्टिव वोकेशनल तथा सह पाठ्यक्रम का अध्ययन करना होगा। विद्यार्थियों का मूल्यांकन 10 पॉइंट रखेल के आधार पर किया जाएगा। डॉक्टर नरेश कुमार ने समर्थ ऑनलाइन पोर्टल की महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया के साथ-साथ स्कॉलरशिप परीक्षा परिणाम आदि की जानकारी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है डिजी लॉकर तथा एबीसीडी के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी मुख्य शास्त्र विद्यार्थियों को महाविद्यालय ड्रेस कोड अनुशासन टाइम टेबल तथा वाहन पार्किंग के संबंध में विस्तार से बताया दारा सिंह ने महाविद्यालय की पाठ्य सहगामी गतिविधियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में राशि के गठन की प्रक्रिया आरंभ की जा चुकी है। विद्यार्थी मानव संसाधन में अपना योगदान कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नरेश कुमार द्वारा किया गया कार्यक्रम में नव प्रवेशित 82 विद्यार्थियों ने प्रतिभा किया कार्यक्रम में कार्यालय कार्मिक शुभम गंगवार आनंद रावत तथा गौतम सिंह उपस्थित थे।

# अपने-अपने क्षेत्र में नियमित कूड़ा उठान कर अलग-अलग निस्तारित करें : डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला गंगा समिति की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के अधि



कारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में नियमित कूड़ा उठान कर अलग-अलग निस्तारित करें। उन्होंने नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि प्रतिबन्धित प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु निरंतर चैकिंग अभियान चलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्लास्टिक का किस प्रकार से निस्तारण किया जाता है उसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराये। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत पंचायतों में किस प्रकार से कार्य किया जा रहा है उसकी पूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वन विभाग के अन्तर्गत जो भी पर्यटक स्थल है उसको चिन्हित कर कूड़ा निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु किस प्रकार से कार्य किया जा रहा है उसकी पूरी जानकारी डीएफओ को उपलब्ध कराये। उन्होने सभी नगर निकायों को निर्देश दिये कि कितना कूड़ा एकत्र कर रहे है, कितने हाउस होल्डर है, कितने घरो द्वारा गिला व सूखा कूड़ा अलग- अलग उपलब्ध कराया जा रहा है एवं प्लास्टिक वेस्ट किस होल्डर को दिया जा रहा है पूरी जानकारी उपलब्ध कराये। बैठक में डीएफओ हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# किराने की दुकान में चोरी का प्रयास विफल

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र के खड़कपुर देवीपुरा इलाके में देर रात अज्ञात चोरों ने परचूनी की दुकान पर धावा बोलकर कुंडी चटकाना शुरू कर दिया। इस बीच शोर शराबा होने के कारण जाग होने पर चोर मौके से खिसक गए। प्रतिष्ठान स्वामी को मामले की जानकारी होने पर उसने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मौके पर पहुंच कर आवश्यक जानकारी जुटाना के बाद चोरों का पता लगाना शुरू किया इसी बीच दो संदिग्ध युवक रात के अंधेरे में चहल कदमी करते हुए पुलिस के हत्थे चढ़ गए। प्रतिष्ठान स्वामी दोनों की शिनाख्त की। हिरासत में लेकर दोनों युवकों से पुलिस गहन पूछताछ में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी चंद्रराम गोला पुत्र गोकुल राम गोला की बाजार रोड पर परचूनी की दुकान है। प्रतिष्ठान स्वामी ने बताया कि रोजाना की भांति शुक्रवार को समय पर दुकान बंद कर रात्रि 8:00 बजे के लगभग वह घर चला गया। इस दौरान घात लगाए चोरों ने रात लगभग 1:30 बजे के करीब दुकान पर धावा बोलकर कुंडी चटकाना शुरू किया। शोर शराबा होने पर जाग हो गई। स्थानीय लोगों को जैसे ही इसका पता चला चोर दबे पांव वहां से खिसक गई। प्रतिष्ठान स्वामी ने मामले की जानकारी संबंधित पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद जब चोरों का पता लगाना शुरू किया तो रात के अंधेरे में संदिग्ध चहल कदमी करते हुए दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस की पूछताछ में प्रतिष्ठा स्वामी ने दोनों युवकों की शिनाख्त की। सूत्रों का कहना है कि पकड़े गए दोनों युवक पूर्व में चोरी के आरोप में जेल की हवा खा चुके हैं। हिरासत के लिए गए दोनों युवक खड़कपुर देवीपुरा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक पुलिस दोनों से गहन पूछताछ में जुटी हुई है।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# युवक को कमरे में बंद कर तलवार से हमला कर मौत के घाट उतारा, केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मामूली विवाद के चलते गत सायं मौहल्ला प्रीत विहार कालोनी में कुछ लोगों ने एक युवक को कमरे में बंद कर उस पर तलवार आदि से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया । मृतक की बहन ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में काजल चौहान पत्नी विजय उर्फ नारद निवासी नई बस्ती खानपुर थाना बिलासपुर जिला रामपुर ने कहा है कि उसका सगा भाई प्रकाश पुत्र स्व. गौरव चौहान निवासी प्रीत विहार कालोनी बरादरी रोड गली नंबर 5 रूद्रपुर किराये का कमरा लेकर रहता है। 11अगस्त शाम सात बजे उसके भाई प्रकाश से संजीव, राजीव, प्रदीप पुत्रगण नन्हे लाल से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। कुछ समय बाद उक्त तीनों भाईयो ने अपने परिवार के लोग बहन काजल, सपना, पुत्रीगण नन्हे लाल को बुला लिया जो उसके भाई को मोहल्ले के शनि मन्दिर से खीचकर अपने घर में ले गये और कमरे में बन्द करके उसको जान से मारने की नियत से चाकू तलवार से जान लेवा हमला कर दिया। आरोप है उसको तब तक मारा जब वह अधमरा होकर बेहोश हो गया । शोर की आवाज सुनकर पड़ोसियों ने आकर देखा प्रकाश लहुलुहान अवस्था में खून से लथपथ हमलावरों के घर में पड़ा था। पड़ोसियों द्वारा घायल प्रकाश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया । जहां डाक्टरों ने प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की कहना है आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# हत्यारोपी पत्नी और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पति की हत्यारिन पत्नी व उसके प्रेमी को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा ने आजीवन कारावास और 1 लाख 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि ग्राम राजपुरा आना शिक्षा निवासी आसीत मंडल द्वारा एक रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि उसके मौसेरे भाई अनिल विश्वास की पत्नी श्रीमती नीलिमा के अजय पुत्र केहरी सिंह के साथ अवैध संबंध थे वह दोनों दो माह पूर्व घर से भाग गए थे और कुछ समय बाद लौट आए थे। उनके अवैध सम्बन्धों को लेकर जब अनिल ने विरोध किया तो अजय ने मारपीट की ।2 अक्टूबर 2016 को अनिल अपनी पत्नी श्रीमती नीलिमा के साथ दवा लेने गया था पर लौट कर नहीं आया। अगले ही दिन सबेरे नीलिमा स्वयं को बचाने के लिए आस पड़ोस में लोगों से चर्चा कर रही थी कि उसका पति रात को घर लौट कर नहीं आया उसे पूरा विश्वास है कि नीलिमा ने ही अपने पति की हत्या की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी और उसका शव तीसरे मील के पास रेलवे क्रॉसिग पर पड़ा मिला उसकी धारदार हथियार से हत्या की गई थी ।इधर नीलिमा अचानक लापता हो गई जिससे पुलिस का शक पक्का हो गया,पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शाम 5 बजे नीलिमा को उसके प्रेमी अजय के साथ गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाया गया आला कतल पॉटल बरामद कर लिया। दोनों के विरूद्ध तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा की कोर्ट्में मुकदमा चला जिसमें सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने 11 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय ने दोनों को आजीवन कारावास और 1-20 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुना दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत नौ सितम्बर को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार पाठक के द्वारा प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि 9 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद ऊधम सिंह नगर के जिला न्यायालय रूद्रपुर सहित बाह्य स्थित दीवानी न्यायालयों काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज एवं किच्छा मे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत न्यायालय में लम्बित शमनीय प्रकृति के आपराधिक वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, विद्युत व जलकर बिल से संबंधी, वैवाहिक मामले (तलाक को छोडकर), भूमि अधिग्रहण वाद, भुगतान व भत्तों से संबंधित सर्विस के मामले, जिला न्यायालय में लम्बित राजस्व वाद एवं अन्य सिविल मामले (किरायेदारी, सुखाधिकार, व्यादेश) आदि मामलों का



निस्तारण किया जाएगा। साथ ही ऐसे मामलो का भी निस्तारण किया जायेगा जो न्यायालय में लंबित नहीं हैं जैसे बैंक से लिए गए सभी प्रकार के लोन, विद्युत बकाया धनराशि, श्रम विभाग, जलकर टेलीफोन बिल इत्यादि के मामले भी निस्तारित किए जायेंगे। जो भी व्यक्ति अपने मामलों को दिनांक 9 सितम्बर, 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते है तो वे दिनांक 8 सितम्बर, 2023 से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में या लोक अदालत तिथि पर भी संबंधित न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, रूद्रपुर ऊधम सिंह नगर में या दूरभाष संख्या 05944 250682 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# गुर्जर बस्ती में सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नौसर मंडल की गुर्जर बस्ती में गुर्जर समाज के लोगों की समस्याएं सुनी। नोसर मण्डल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्या एवं हल्दी के प्रधान गुरप्रीत सिंह खिंडा ने संचालन किया। बैठक में भारतीए जनता पार्टी के पदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने गुर्जर समाज के लोगो की समस्यायें सुनी। गुर्जर बस्ती के निवासियों ने जंगलात की बस्ती में आवासीय पट्टे विद्यालय



की चारदीवारी निमार्ण सड़क निर्माण, एवं वन विभाग की भूमि पर शौचालयों के निर्माण आदि समस्याओं से अवगत करवाया। रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि वन विभाग की भूमी पर रहने वाले लोगो को आवासीय पट्टे देने की मांग मुख्यमंती पुष्कर सिंह धामी के समक्ष रखी जाएंगी और निश्चित रूप से मुख्यमंत्री समस्या का निराकरण करेगें। कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी वर्ग के लोगो चाहे वो हिंदू हो या मुस्लिम सबके लिए एक समान विकास करती है और करती रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर महामंत्री मनोज वाधवा, ताहिर मलिक, सोसायटी उपाध्यक्ष बलराज सिंह, चंद्रपाल सिंह, कुलदीप सिंह, सुमोद मौर्य, धर्म सिंह, मो. यासीन, अब्दुल रऊफ, मोहम्मद याकूब, अब्दुल रहीम, अब्दुल करीम, लखविंदर सिंह, कामिल खान आदि थे।

# पुलिस तैराकी क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता सम्पन्न

## तैराकी प्रतियोगिता में 40वीं वाहिनी पीएसी रही विजेता, कुमाऊं कमिश्नर ने किया विजेताओं को पुरस्कृत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। तीन दिवसीय प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय पुलिस वाहिनी तैराकी क्रास कन्ट्री प्रतियोगिता का समापन दीपक रावत कमिश्नर कुमाऊं के द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में विजेताओं को पुरस्कार देकर तथा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बहतरीन प्रदर्शन की हौसला अफजाही की गयी। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये उन्हें खेल भावना को बनाये रखकर उत्तराखण्ड पुलिस एवं राज्य के लिये भविष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। एसएसपी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए तथा प्रतियोगिता प्रबंधन टीम में शामिल सभी पुलिस अधिकारी व कर्मियों को बधाई दी। आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में 40वीं वाहिनी पीएसी तथा महिला क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में अल्मोड़ा की टीम विजेता रही। तैराकी प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जनपद बागेश्वर के हेकानि. जीवन गिरी को दिया गया। मुख्य अतिथि श्री रावत ने तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सर्वाश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों एवं खिलाडियों को भी





विजेता ट्रॉफी प्रदान की गयीं। 200 मीटर व्यक्तिगत मिडले स्टाइल में अ.उ.नि., विनय सिंह जनपद चम्पावत प्रथम, हे. कानि. जीवन गिरी जनपद बागेश्वर द्वितीय, कानि. कन्हैया कुमार आईआरबी द्वितीय हरिद्वार तृतीय रहे। 400 मीटर बैक स्ट्रोक स्टाइल में कानि. नवीन सिह एसडीआरएफ प्रथम, फायर नितेश खेतवाल एसडीआरएफ द्वितीय तथा कानि. दीपक कुमार 40वीं पीएसी हरिद्वार तृतीय रहे। 200 मीटर बटर फ्लाई स्टाइल में अ.उ.नि. विनय सिंह जनपद चम्पावत प्रथम, हे.कानि. अनिल कुमार 31वीं पीएसी रूद्रपुर द्वितीय व कानि. राकेश गोस्वामी 31वीं पीएसी रूद्रपुर तृतीय रहे। 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्टाइल में हे.कानि। जीवन गिरी जनपद बागेश्वर प्रथम, कानि. बीरेन्द्र अधिकारी 40वीं पीएसी हरिद्वार द्वितीय तथा एपीसी ओम प्रकाश 40वीं पीएसी हरिद्वार टीटी रहे। 50 मीटर फ्री स्टाइल में गोताखोर मनोज बहुखण्डी जनपद हरिद्वार प्रथम, उ.नि. दिनेश रावत जनपद ऊधमसिंह नगर द्वितीय तथा कानि. गजेन्द्रसिंह 40वीं पीएसी हरिद्वार तृतीय रहे। 4 गुणा 100 मीटर रिले स्टाईल में कानि. शिवम सिंह, कानि. प्रदीप मेहता, फायर मेन नितेश खेतवाल, कानि. नवीन सिंह एसडीआरएफ प्रथम, कानि. दीपक कुमार, कानि. राघवेन्द्र कुमार, कानि. राहुल कुमार, कानि नितेश कुमार 40वीं पीएसी हरिद्वार द्वितीय तथा कानि. ओम दत्त, एपीसी दिनेश चौहान, कानि. विनेश खेमान, कानि. कन्हैया कुमार आईबीआर द्वितीय तृतीय रहे। प्रतियोगिता में डॉ. जगदीश चन्द्र एसपी क्राइम ट्रैफिंक नैनीताल, हरबन्स सिंह एसपी सिटी हल्द्वानी, उतम सिंह डिप्टी कमाण्डेट पीएसी, भूपेन्द्र सिंह धौनी सीओ सिटी हल्द्वानी, संजय गर्ब्याल सीओ ट्रैफिक नैनीताल, भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक नैनीताल, हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी, राकेश माहरा प्रभारी निरीक्षक यातायात हल्द्वानी व समस्त जनपद वाहिनियों से नेतृत्व कर रहे टीम मेनेजर, प्रतिभागी व उनके परिजन मौजूद रहे।

## विधायक शिव ने आनंदखेड़ा में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विधायक शिव अरोरा ने आनंद खेड़ा नं 2 ग्राम सभा में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर देश के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया एवं मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए



बलिदान हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की व अपनी माटी को हाथ में लेकर एक विकसित राष्ट्र बनाने की सौगंध ली। विधायक ने कहा देश प्रेम उसके प्रति समाज के हर व्यक्ति के समर्पण के लिये मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम एक अच्छी पहल है हम सभी को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। इस दौरान भाजपा नेता उत्तम दत्ता, जिला महामंत्री अमित नारंग ,जगदीश विश्वास ,आयुष चिल्लाना, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मेयर व विधायक प्रतिनिधि ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बिठोरिया मे मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला के साथ विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने क्षेत्र मे अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस मौके पर मेयर जोगेंद्र रौतेला ने नगर निगम के अधिकारियो से युद्ध स्तर पर अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों की सफाई अभियान चलाने को निर्देशित किया। कालाढूंगी विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने मेयर जोगेंद्र



रौतेला के साथ आपदा से प्रभावित क्षेत्रों मे जनता से मुलाकात की। इस दौरान नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, पार्षद दीपक बिष्ट, पार्षद गोपाल बिष्ट, अन्नू ढेला, एई नवल नौटियाल, जेई इलैक्ट्रिक कैलाश उपाध्याय, जेई महेंद्र बिष्ट, मनोज नैनवाल, सफाई इंस्पेक्टर अमोल असवाल आदि मौजूद थे। समस्त सफाई कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्य प्रगति पर है।

## बच्चों के लिए कला व गेम्स प्रतियोगिताएं आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सखी सहेली ग्रुप के द्वारा पार्वती क्लोरा के बीपीएल शिक्षा प्रयास समिति में बच्चों के लिए कला और अन्य तरह तरह के गेम्स व प्रतियोगिताऐ कराई गई। जिसमे सभी विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कला प्रतियोगिता में प्रथम जिया, द्वितीय ललिता और तृतीय पुरस्कार शिवम को मिला। जिसके निर्णायक नैंसी जयसवाल और



इशिका वार्ष्णेय रहीं।सखी सहेली ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती मंजू वाष्णेय ने कहा अधिक मास में जरूरतमंदों की सेवा और दान करते रहना चाहिए। महामंत्री सुमन वार्ष्णेय और खुशबू जायसवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना ही है। कार्यक्रम में संरक्षक सुचित्रा जायसवाल, शकुंतला वार्ष्णेय और सखी सहेली ग्रुप की सभी सखियां उपस्थित रही।




## भगवान का आश्रय लेने वाला होत है निर्भयः शास्त्री

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के कल 11वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने कहा कि जो भगवान का आश्रय लेता है वह निर्भय बनता है,उसे काल का भय नहीं सता सकता, काल तो परमात्मा का दूत है, काल के काल परमात्मा की शरण जाने के पश्चात काल भी क्या बिगाड़ सकता है, ध्रुव ने भगवान की शरणागति प्राप्त की तो भगवान ने उसको दर्शन दिए राज्य दिया और अंत में बैकुंठ धाम भी दिया, यह है भगवान की अनन्य शरणागति का फल। प्रसाद की सेवा वरिष्ठ समाजसेवी श्री राजमणि जी के परिवार द्वारा दी गयी।



# आपराधिक घटनाएं रोकने को आईजी ने किया जागरूक

## बैंक, ज्वेलर्स व व्यापारी संग की गोष्ठी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणें ने नगर क्षेत्र के समस्त बैंक, ज्वैलर्स तथा व्यापारियों के साथ एक जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी का मुख्य मकसद उपरोक्त संस्थानों में होने वाली चोरी , अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाया जाना था। गोष्ठी में बताया गया कि चोरियों की घटना में जब से दुकानों संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है तब से काफी कमी आयी है।इसी के दृष्टिगत दुकानों के गेट में आधुनिक तकनीकि का अलार्म सिस्टम भी लगाया जा सकता है। जिसका डैमो वैंडर भुवन पंत द्वारा दिया गया। इसमें एक डिवाईस जो शटर दरवाजों में लगायी जाती है जिसे मोबाईल फोन के 5 नम्बरों से कनैक्ट किया जाता है। दुकान बंद होने के पश्चात यदि कोई असामाजिक तत्व दुकान के शटर दरवाजे को तोडने का प्रयास करता है तो सबसे पहले अलार्म बजता है तथा 5 मोबाईल नम्बर जो डिवाईस से कनैक्ट है उन पर मैसेज कॉल चला जाता है। उपरोक्त 5 मोबाईल



नम्बरों में से एक मोबाईल नम्बर निकटतम थाने से जोडने हेतु जागरुक किया जिससे थाने को भी पता चल जाये कि किस दुकान घर में मुख्य गेट के साथ छेडखानी हो रही है। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बताया कि सभी लोग यदि जागरुक रहेंगें तो चोरी जैसी घटनाओं को रोकने में पुलिस की मदद कर सकते है। व्यापारियों द्वारा सुझाव दिया गया कि प्राईवेट सुरक्षा गार्ड की डयूटी का समय निर्धारित नहीं है। जिस कारण कई बार वो लोग रात्रि में सो जाते है। आईजी कुमायूं ने अधीनस्थ को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द प्राईवेट सिक्योरिटी एजेंसी के साथ गोष्टी का आयोजन किया जाये तथा उनको इस सम्बन्ध में उचित निर्देश दिये जाये। पुलिस बल की कमी के कारण शहर के हर गली में पिकेट लगाया जाना सम्भव नहीं है, इस हेतु रात्री गस्त चीता मोबाईल में नियुक्त कर्मचारीगणों का दायित्व होगा कि वह अपने क्षेत्र के सिक्योरिटी गार्ड को चौक करते रहे तथा उससे समय-समय पर मिलते रहे। इसी क्रम में तनिष्क ज्वैलर्स के स्वामी द्वारा अवगत कराया कि कुछ माह पूर्व उनकी दुकान में चोरी हो गयी थी। पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से चोरी का खुलासा त्वरित किया। जिसमें सीसीटीवी में नियुक्त का. तुषार की महत्वपूर्ण भूमिका रही । जिस हेतु का. तुषार को पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के माध्यम से पुरुस्कृत किया गया। गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट, पुलिस अधीक्षक अपराध यातायात डॉ. जगदीश चन्द्र, एसपी सिटी हरबंश सिंह, प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी के अलावा हल्द्वानी सर्किल के समस्त थाना/चौकी प्रभारी मौजूद रहे ।

## क्रास कन्ट्री दौड़ का आयोजन 14 को

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी अरूण बनग्याल ने बताया कि 15 अगस्त के अवसर पर खेल निदेशालय उत्तराखण्ड एवं जिला प्रशासन अल्मोड़ा के सौजन्य से जिला खेल कार्यालय, अल्मोड़ा द्वारा अण्डर 16 बालक-बालिका, एवं ओपन पुरूष/महिलाओं की क्रास कन्ट्री दौड़ का आयोजन 14 अगस्त को प्रातः 07:30 बजे से चौघानपाटा से करबला, पुलिस लाईन से वापस होते हुए देवदार होटल से चौघानपाटा में दौड़ का समापन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त से 15 अगस्त तक अण्डर 15 बालक, अण्डर 17 बालिका बैडमिन्टन का आयोजन 11:00, अण्डर 16 बालिक- बालिका टेबल टेनिस, अण्डर 19 बालक ओपन बालिका वॉलीवाल प्रतियोगिता 10:00 बजे से हेमवती नन्दन बहुगुणा स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित की जायेगी।




# एयरपोर्ट विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि चिन्हित करें: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में पन्तनगर एयरपोर्ट पर्यावरण प्रबन्धन समिति की बैठक जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि दृष्टि से लॉपिंग की जाये। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों का दखल एयरपोर्ट क्षेत्र में न हो, इसके लिए निरन्तर गश्त की जाये और परिसर में उगने वाली झड़ियों की समय-समय पर सफाई की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के के निर्देश दिये। उन्होंने एयरपोर्ट के नजदीक पुराने ट्रंचिंग ग्राउण्ड से पॉलीथीन हटाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने विमान क्षेत्र के दोनो तरफ पानी की उचित निकासी की व्यवस्था करने तथा पीडी



एनएचएआई को नालों की सफाई कराने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि नालों से पानी बैक न हो, इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर शहर तक सफाई हेतु चरणबद्ध ढंग से व एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु अतिरिक्त भूमि चिन्हित करते हुए निर्धारित की जाये ताकि आवश्यकता पड़ने पर अविलम्ब भूमि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अधिक ऊंचाई वाले वृक्षों की सुरक्षात्मक आप-पास किसी खुले स्थान पर मीट की बिक्री न हो, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि बड़े पक्षी एयरपोर्ट क्षेत्र में न मंडरा सकें। उन्होंने एयरपोर्ट परिसर के आसपास मांस की दुकानों की नियमित मॉनीटरिंग करने आपसी समन्वय से कार्य किया जाये ताकि जल निकासी बेहतर ढंग से हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, निदेशक पन्तनगर एयरपोर्ट एके सक्सैना, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हस्तशिल्प उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला परियोजना प्रबन्धक ग्रामीण वेग वृद्वि योजना (रीप) राजेश मठपाल ने बताया कि ग्रामीण उद्यम वेग वृद्वि परियोजना द्वारा विकास खण्ड ताड़ीखेत में गठित स्वायत्त सहकारिताओं के 20 सदस्यों को अगस्त तक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अन्तिम दिन तैयार राखी एवं स्वनिर्मित हस्तशिल्प उत्पादों आदि का विमोचन किया गया, साथ ही समूह सदस्यों द्वारा विकासखण्ड ताड़ीखेत के प्रांगण में सुसज्जित स्टॉल लगाकर तैयार उत्पादों का उत्पादों जैसे- आभूषण, बैग इत्यादि तैयार किये गये। इस अवसर पर उपस्थित रानीखेत विधायक डा0 प्रमोद नैनवाल ने कहा कि समूह सदस्यों द्वारा बिच्छू एवं भीमल के रेशे से राखी एवं हस्तशिल्प बनाये गये हैं वह बहुत सराहनीय हैं एवं रेशे से राखी व हस्तशिल्प बनाया गया है यह बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। महिलाओं के द्वारा जो भी उत्पाद बनाया जायेगा उसको ऑनलाईन एवं आउटलेट के माध्यम से बेचा जायेगा। कार्यक्रम पश्चात् उपस्थित जनप्रतिनिधि, वैज्ञानिक



राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान परिषद्- राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियान्त्रिकी एवं प्रोद्योगिकी संस्थान, कोलकाता के माध्यम से विकासखण्ड सभागार, ताड़ीखेत में बिच्छु घास एवं भीमल रेशे से राखी एवं हस्तशिल्प बनाने से संबन्धित 12 दिवसीय प्रशिक्षण 30 जुलाई से 10 प्रदर्शन एवं विपणन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं द्वारा बिच्छु घास एवं भीमल रेशे से प्रशिक्षण अवधि के दौरान कुल 1500 राखियां तैयार की गयीं। इन तैयार राखियों की कीमत 35 से 80 के मध्य रखी गयी है। राखी बनाने के साथ-साथ महिलाओं द्वारा अन्य हस्तशिल्प इनको आउटलेट के माध्यम से बाजार में बहुत जल्द उपलब्ध कराया जायेगा एवं इसमें रीप परियोजना द्वारा बहुत सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि सहकारिता की महिलाओं के प्रशिक्षण के उपरान्त बिच्छू व भीमल के एवं अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा बिच्छू एवं भीमल हथकरघा एवं हस्तशिल्प इकाई, ताड़ीखेत का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ताड़ीखेत हीरा रावत, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जय किशन, जिला विकास अधिकारी संतोष कुमार पंत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ के जवानों ने निकाली तिरंगा रैली

गदरपुर(उद संवाददाता)। एनडीआरएफ के कैंपस में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान साइकिल रैली के माध्यम से तिरंगा रैली निकालकर लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए प्रेरित भी किया गया। शुक्रवार को शुगर मिल स्थित राष्ट्रीय आपदा मोचन बाल 15वीं वाहिनी के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल की अगुवाई में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान एनडीआरएफ परिसर से आसपास के गांव तक साइकिल रैली के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया गया।




इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत को आजादी के स्वर्ण जयंती तक एक विकसित देश बनाना, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने, हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता को बनाए रखने के लिए एक नागरिक के रूप में अपने कर्तव्य को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित कराना है। इस अवसर पर शैलेश कुमार, रवि शंकर बधानी, सुशील कुमार, भूपेंद्र कोटनाला, मनोज जोशी, सुशील कुमार, प्रकाश चंद पांडे सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियां

सरकार के समानांतर संवैधानिक संस्थाओं की साख इस बात से बनती है कि वे कितनी स्वायत्त रह कर काम कर पाती हैं। उनके मुखिया किस तरह संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हैं। मगर विडंबना यह है कि लंबे समय से कुछ संस्थाओं के कामकाज के तौर-तरीके पर अंगुलियां उठती रही हैं। उनके सरकार के पक्ष में झुक कर या उसके दबाव में काम करने के आरोप लगते रहे हैं।पिछले कुछ समय से निर्वाचन आयोग पर भी विपक्षी दल यही आरोप लगाते आ रहे हैं कि वह सरकार के इशारों पर काम करता है। ऐसे में निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा और वहां पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने व्यवस्था दी कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश की समिति की सिफारिश पर की जाएगी। इस व्यवस्था का चौतरफा स्वागत हुआ और उम्मीद बनी थी कि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति में पारदर्शिता आएगी, इस संस्था की साख फिर से लौटेगी। हालांकि संविधान पीठ ने यह व्यवस्था तभी तक के लिए दी थी, जब तक कि सरकार इस संबंध में संसद में कानून नहीं बना लेती। अब सरकार ने इससे संबंधित विधेयक राज्यसभा में पेश कर दिया है।इस विधेयक के पेश होते ही सरकार फिर से विपक्ष के निशाने पर आ गई है। विधेयक में प्रावधान प्रस्तावित है कि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधानमंत्री द्वारा चुने गए एक केंद्रीय मंत्री की समिति की सिफारिश पर की जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय की दी हुई व्यवस्था में से प्रधान न्यायाधीश को हटा दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि सरकार जिसे चाहेगी, उसे मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त कर लेगी। इस तरह मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दूसरे आयुक्तों के सरकार के दबाव से मुक्त होकर काम करने पर संदेह बना रहेगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचन आयोग की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण होती है। अगर मुख्य निर्वाचन आयुक्त का झुकाव सरकार की तरफ होता है, तो चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता संदिग्ध हो जाती है, जैसा कि पिछले कुछ चुनावों से आरोप लगते रहे हैं। सत्तापक्ष के प्रति नरमी और विपक्षी दलों के खिलाफ सख्ती के उसके पक्षपातपूर्ण फैसलों के अनेक उदाहरण दिए जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी टिप्पणी की थी कि निर्वाचन आयोग में टीएन शेषन जैसे आयुक्त की नियुक्ति होनी चाहिए। ऐसे में जब सरकार ने अपने बहुमत का ध्यान रखते हुए विधेयक तैयार किया है, तो उस पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। यह तो ठीक है कि सर्वोच्च न्यायालय कानूनी प्रक्रियाओं का मूल्यांकन संविधान की भावना को ध्यान में रखते हुए करता और अपनी कोई व्यवस्था देता है। मगर वह व्यवस्था स्थायी नहीं होती, उसे संसद में कानूनी शक्ल देना पड़ता है। यह काम सरकार ही कर सकती है। ऐसे में अपेक्षा की जाती थी कि सरकार जनभावनाओं के मद्देनजर संविधान पीठ की दी हुई व्यवस्था को ही कानूनी जामा पहना देती। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति, दिल्ली में प्रशासन के अधिकार आदि को लेकर सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के बीच तनातनी का माहौल बना हुआ है, सरकार कई मौकों पर सर्वोच्च न्यायालय के खिलाफ तल्ख टिप्पणियां कर चुकी है, उसमें उससे ऐसी उदारता को लेकर संदेह जताया जा रहा था। अब संख्याबल से सरकार बेशक निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक को कानूनी शक्ल दे दे, पर संवैधानिक भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उसकी निष्ठा प्रश्नांकित होती रहेगी।

## मृतक के परिजनों से मिले ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मामूली विवाद के चलते गत सायं मौहल्ला प्रीत विहार कालोनी में कुछ लोगों द्वारा की गई प्रकाश चौहान की हत्या की सूचना पर आज पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने घटना पर दुख प्रकट करते हुये मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि पुलिस प्रशासन से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई



की मांग की। यहां आपको बता दे कि कल मामूली सी बात पर तीन भाईयों ने अपने परिजनों के साथ मिलकर प्रकाश की निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये उनकी तलाश शुरू कर दी है। मामले की सूचना पर आज पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मृतक प्रकाश चौहान के घर पहुंचे और घटना पर गहरा दुख प्रकट किया।

## शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। बरा चौकी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाये गये अभियान में 85 लीटर कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने स्कूटी पर सवार व्यक्ति को रोका तथा चेकिंग में स्कूटी के बीच में रखे कट्टे से 85 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। स्कूटी चालक ने अपना नाम सुरजीत पुत्र बरायम निवासी कच्ची खमरिया थाना नानकमत्ता बताया। उसके विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में बरा चौकी प्रभारी पंकज कुमार,हेड कांस्टेबल देवेंद्र गोस्वामी आदि शामिल थे।



# सितारगंज के किसानों ने किया बाजपुर कूच

सितारगंज(उद संवाददाता)। बाजपुर में 20 गांव की भूमि को बचाने के लिए चल रहे धरने को समर्थन देने के लिए सितारगंज क्षेत्र के भारतीय किसान यूनियन के लोगों ने बाजपुर कुच किया। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता नगर के अमरिया चौराहा मंडी समिति के निकट एकत्र हुए। वहां पर उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के अध्यक्ष बलजिंदर सिंह मान ने कहा कि बाजपुर के 20 गांव की जमीन हजारों किसानों की आजीविका का एकमात्र सहारा है वह लोग तीन पीढ़ियों से जमीन पर काबिज कास्ट चले आ रहे हैं एवं वर्ष 1970 से वर्ग 1 को के आधार पर इस जमीन के मालिक हैं ऐसे में जमीनों से खाली करना



भाजपा सरकार की हिटलर शाही का फरमान है। संयुक्त किसान मोर्चा इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं भाकियू प्रदेश प्रमुख महासचिव योगेंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों, मजदूरों को तराई से उजाड़ने की साजिश रच रही है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर भाग्य जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह जैसा पंकज कुमार नमन रस्तोगी राजू यादव गुरमुख सिंह फौजी अजीत सिंह स्वराज सिंह महालक्ष्मी तैयब अंसारी संजय कुमार कुलवंत सिंह लखविंदर सिंह गुरदीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली एवं अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। आईटीबीपी के सब इंस्पेक्टर शहीद जमीर अहमद व कुमाऊं रेजिमेंट के शहीद प्रेम सिंह के परिजनों को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान शपथ एवं पौधारोपण भी हुआ। शपथ ग्रहण में भारत को एक विकसित देश बनाने, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने, हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने



वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए पंच प्राण की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव देश शहीद बीर जवानों के लिए समर्पित है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, सभासद हसीब अहमद,सभासद लियाकत अली अंसारी, सभासद पुष्कर रौतेला, पूर्व सभासद सतीश गुप्ता, ताहिर मालिक, विजयंत चौधरी, खिलाफ सिंह, राहुल, राजेंद्र आदि थे।

# विद्युत कटौती के खिलाफ फूंका सरकार का पुतला

रामनगर(उद संवाददाता)। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रदेश महासचिव एडवोकेट फैजुल हक के नेतृत्व में रामनगर में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही विद्युत कटौती के खिलाफ विभाग एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ विद्युत कार्यालय के बाहर नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एडवोकेट फैजुल हक ने आरोप लगाते हुए कहा कि रामनगर में लंबे समय से विद्युत कटौती की जा रही है जिससे शहर की पेयजल आपूर्ति भी पूरी तरह बाधित पड़ी है लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी कभी ट्रांसफार्मर का खराब होने का बहाना बना रहे हैं तो कभी विद्युत लाइन में फाल्ट होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं



लेकिन सरकार जनता की इस गंभीर समस्या का समाधान करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है । क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस समस्या को लेकर मूकदर्शक बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा जारी नंबर पर कोई भी अधिकारी कर्मचारी ना तो फोन उठाता है और यदि फोन उठाते भी है तो जनता को संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यदि जनता अपनी समस्या को लेकर विद्युत कार्यालय जाती है तो अधिकारी उपभोक्ता से बिल जमा ना होने की बात कहकर उनका कनेक्शन काटने की धमकी देते हैं उन्होंने कहा कि जब जनता को बिजली उपलब्ध नहीं हो रही है तो विभाग विद्युत बिलों की वसूली क्यों कर रहा है उन्होंने कहा कि यदि बिजली नहीं दी जाएगी तो उपभोक्ता दिल भी नहीं देंगे कार्यकर्ताओं ने सरकार और विभाग से विद्युत कटौती बंद करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# कांग्रेस जनों ने फूंका केन्द्र सरकार का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मणिपुर हिंसा पर कोई जवाब न दिए जाने सहित लोकसभा मे कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी को निलंबित किए जाने के खिलाफ महानगर कांग्रेस ने भाजपा का पुतला दहन कर कड़ा विरोध व्यक्त किया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में महानगर कांग्रेस ने बुद्ध पार्क तिकोनिया में भाजपा का पुतला फूंका।विधायक हृदयेश ने कहा कि जिस प्रकार संसद के अंदर विपक्ष के सांसदों की आवाज को दबाने का कार्य किया जा रहा है वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह है। मणिपुर में आज जो हालात है वो भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की विफलता का जीवंत उदाहरण है।महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में डेढ़ घंटे से अधिक समय तक अपना संबोधन दिया परंतु संवेदनशील विषय मणिपुर पर कुछ ना बोल कर उन्होंने अपनी संवेदनहीनता का परिचय दिया है। मणिपुर जल रहा है, लोग भयभीत हैं और प्रधानमंत्री जी और उनके मंत्री



सांसद संसद में अपनी उपलब्धियां बताने में लगे हुए है और मणिपुर वासियों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे है। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा और उनके नेताओं द्वारा देश में जिस प्रकार का माहौल बनाया जा रहा है उसके दुखद दूरगामी परिणाम आयेंगे। देश को जात धर्म के नाम पर बॉट कर भाजपा देश को तोड़ने का कार्य कर रही है और कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में देश को जोड़कर रखने का कार्य मजबूती से करेगी। पुतला दहन कार्यक्रम में विमला सांगूड़ी, पार्षद नीमा भट्ट, कमला सनवाल, जया कर्नाटक, भागीरथी बिष्ट, कमला तिवाड़ी, मीमांशा आर्य, एनबी गुणवन्त, हेमन्त बगडवाल, सुहैल सिद्दीकी, नरेश अग्रवाल, हेमन्त साहू, गजेंद्र गोनिया, पार्षद राजेन्द्र जीना, पार्षद रवि जोशी, पार्षद जाकिर हुसैन, हेम पांडे, कुंदन नेगी, किरन मेहरा, राजेन्द्र खनवाल, मलय बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, वरुण भाकुनी, गिरीश पांडे, चंदन भाकुनी, शंकर कोहली, बबलू बिष्ट, प्रदीप नेगी, सूरज बिष्ट, पंकज कश्यप, सूरज प्रकाश, गुरप्रीत प्रिंस, सुशील डुंगरकोटी, अशोक जोशी, जीवन बिष्ट, शैलेंद्र दानु, गजेंद्र सम्मल, अमित रावत, मन्नू गोस्वामी, हर्ष मनकोटी, संजय जोशी, कौशलेंद्र भट्ट, विनय भट्ट, राजू सुयाल, त्रिलोक कठायत, गुरप्रीत चड्ढा, नरेंद्र पनेरू आदि ने सहभागिता की।

# सड़क हादसे में घर लौट रहे बाइक सवार की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर से ड्यूटी कर लौट रहे युवक की ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। अमर सिंह पुत्र टीकाराम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र राजू सिंह सैनी शुक्रवार देर शाम को बाजपुर में स्थित निडिल आई प्लास्टिक कंपनी से ड्यूटी कर अपनी बाइक से घर की ओर आ रहा था कि रास्ते में खेमपुर टंकी के करीब पहुंचने पर एक ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे छिड़ककर वह युवक दूर जा गिरा दुर्घटना होते ही आसपास लोगों की भीड़ लग गई और किसी ने 108 को सूचना देकर मौके पर बुला लिया और घायल



युवक को उपचार हेतु रुद्रपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया वही मृतक युवक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है मृतक के पिता अमर सिंह ने थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्यवाही की मांग की। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# ट्रांजिट कैम्प की दुर्दशा के खिलाफ सरकार का पुतला फूंका

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प की दुर्दशा के खिलाफ महानगर कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन के बीच ट्रपल इंजन सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा सरकार के साथ मेयर और विधायक के खिलाफ भी नारेबाजी की गयी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष साथ ही भाजपा के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी नारेबाजी की गयी। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि चुनाव नजदीक देखकर भाजपा को फिर ट्रांजिट कैम्प की याद आने लगी है। पिछले करीब दो दशक से ट्रांजिट कैम्प में भाजपा का राज रहा है। आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों की हालत ठीक नहीं होने से आये दिन दुर्घटनायें हो रही है। व्यापारी अपना कारोबार नहीं कर पा रहे है। ऐसे हालातों के बावजूद भाजपाई ट्रांजिट कैम्प से तिरंगा यात्रा निकालकर यहां की जनता का मजाक उड़ा रहे हैं। के वरिष्ठ नेता भी अपने क्षेत्र की हालत को सुधारने में नाकाम साबित हुए हैं। नगर निगम में भाजपा का शासन है प्रदेश और केन्द्र में भी भाजपा की सरकारें हैं। इसके बावजूद ट्रांजिट कैम्प का बुरा हाल है। मेयर ने ट्रांजिट कैम्प वासियों को मालिकाना हक दिलाने की कसम खाई थी जो झूठी साबित हुई और मेयर घड़ियाली आंसू बहाकर बेशर्मी से अपनी कुर्सी पर बैठ गये। ट्रांजिट कैम्प वासियों को मालिकाना हक मिलना तो दूर अब नजूल पर बसे लोगों को बिजली का मीटर भी नहीं मिल पा रहा है। यह ट्रांजिट कैम्प की जनता के साथ धोखा है। इस अवसर पर महामंत्री अर्जुन विश्वास, उमा सरकार, सुनील आर्य, सुरेश यादव, बाबू विश्वकर्मा, ममता रानी, बेबी सिकदर, दिलीप अधिकारी, गोपाल भसीन, जमील खान, अबरार अहमद, शुभान अली पाशा, लोकेश यादव, राधेश्याम बंसल, मोहन खेड़ा, शंकर कोली, हरिराम राजपूत, विपिन रस्तौगी, राजेश प्रेमपाल, मानस बैरागी, आसित बाला, मनोज, जगदीश कर्मकार, राजीव गंगवार, प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार, महेश यादव, बिट्टू, सोनी, पवन आदि शामिल थे।



हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा और महानगर महामंत्री अर्जुन विश्वास, के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रांजिट कैम्प मार्ग गोल मढ़ैया पर एकत्र हुए। कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार, मेयर और विधायक पर ट्रांजिट कैम्प की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए ट्रपल इंजन सरकार का पुतला जलाया। इस दौरान सरकार के इसके बावजूद आज ट्रांजिट कैम्प की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रही है। भाजपा के नेता चुनाव के दौरान ट्रांजिट कैम्प की जनता से बड़े बडे वायदे करके जाते हैं लेकिन चुनाव के बाद ट्रांजिट कैम्प की याद इन नेताओं को नहीं आती। आज ट्रांजिट कैम्प में सड़कों नालियों का बुरा हाल है। लोगों को भाजपाईयों को यहां से तिरंगा यात्रा निकालने के बजाय अपनी सरकार और जनप्रतिनिधियों को जगाने के लिए यात्रा निकालनी चाहिए। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि मेयर ने ट्रांजिट कैम्प को चमकाने का वायदा किया था लेकिन आज ट्रांजिट कैम्प का सबसे बुरा हाल है। ट्रांजिट कैम्प में रहने वाले भाजपा

# बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन 20 अगस्त को

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा व हंस कल्चरल सेन्टर कोटद्वार के संयुक्त तत्वाधान में बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर 20 अगस्त को तहसील रानीखेत के इण्टर कालेज खिरखेत में आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में एक बैठक आज जिला न्यायालय के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण व संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जय किशन उपस्थित रहे। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों से अपील की, कि वे अपने विभाग से सम्बन्धित विभागीय योजनाओं का स्टॉल उक्त शिविर में लगाते हुए आम जनमानस



को संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिलाने का प्रयास किया जाय। उन्होंने बताया कि उक्त शिविर में मा उच्च न्यायालय, नैनीताल के वरिष्ठ न्यायमूर्ति/मा0 सह कार्यपालक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल मनोज तिवारी सहित समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि उक्त शिविर के सफल संचालन हेतु जो तैयारिया पूर्ण की जानी है उन्हें समय से पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त शिविर में अधिक से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों के स्टॉल लगाये जाय।

# परीक्षार्थी का खोया पर्स लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुनस्यारी पिथौरागढ़ से एसएससी की परीक्षा देने यहां आए परीक्षार्थी का महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा हुआ खोया पर्स वापस लौटाकर पुलिस ने उसके चेहरे पर खुशी ला दी। युवक ने पुलिस का आभार जताया। जानकारी के अनुसार 11 अगस्त को एक युवक हरीश सिंह निवासी मुनस्यारी, जनपद पिथौरागढ़



एसएससी की परीक्षा देने हल्द्वानी आया था। तीन पानी स्थित परीक्षा केंद्र में जाते समय उसका दस्तावेजों से भरा पर्स सिंधी चौराहे के पास कहीं गिर गया। जो पुलिस की टीम को मिला। पर्स में युवक का एटीएम, पैनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र, वोटर आईडी जैसे अनेकों महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस की मीडिया सैल में नियुक्त कांस्टेबल दीपक उप्रेती ने युवक के पर्स में रखे वोटर आईडी में अंकित नाम व पता देखकर पिथौरागढ़ पुलिस से संपर्क किया। तत्पश्चात थाना मुनस्यारी की मदद से उसके घर में परिजनों से जानकारी लेकर युवक हरीश पुत्र महेंद्र सिंह निवासी मुनस्यारी, जनपद पिथौरागढ़ से संपर्क किया। पुलिस द्वारा युवक को उसका खोया हुआ पर्स वापस लौटाया जिसे पाकर युवक ने पुलिस का दिल से आभार जताया।

# गंगा जल लेने के लिए रवाना हुआ जत्था

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वार्ड नंबर 12 दुर्गा कॉलोनी से हरिद्वार के लिए पवित्र गंगाजल लेने जा रहे डाक कावड़ कांवरियों को समाजसेवी संजय ठुकराल,हिमांशु शुक्ला,भुवन गुप्ता ने हरिद्वार के लिए रवाना किया। समाजसेवी संजय ठुकराल ने सभी भोले भक्तों को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया एवं भोलेनाथ से क्षेत्र में



सुख समृद्धि एवं शान्ति की कामना की। इस दौरान यात्रा में जाने वालों में हुकुम सिंह, तेजपाल, गजेंदर, सर्वजीत, अनिल, जय किशोर, विजय, पप्पू, नरेश, अजय, सोनू, नितिन, मुकेश, सुरेंद्र, अजय भोले, देवेंद्र, अर्जुन, सनी,गोविंद,अजय, पिंटू, अंश, पुष्पराज, अनिल, रोहित, हरिया, अमित, अंकित, नितेश,रवि,अरुण, करन आदि लोग उपस्थित थे।

# दूषित पानी आपूर्ति से वार्डवासी भड़के

हल्द्वानी (उस संवाददाता)। राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 12 में करीब 50 से अधिक परिवारों में गंदा बदबू वाला दूषित पानी आने से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। जिससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है।यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा पूर्व में जल संस्थान को दूषित पानी आने की समस्या से अवगत कराया गया। लेकिन



विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे स्थानीय लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली पर रोष व्याप्त है। साहू ने तत्काल दूषित पानी की समस्या से निजात नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर नंदी आर्य, गंगा आर्या, नीलम कश्यप, रोशनी आर्य, पुष्पा देवी, धनीराम आर्या, प्यारेलाल आदि लोग थे।

## पेज एक का शेष...

**दिल्ली सेवा विधेयक...**में प्रस्तावित किया गया कि राष्ट्रीय राजधानी के अधिकारियों के निलंबन और पूछताछ जैसी कार्रवाई केंद्र के नियंत्रण में होगी। मणिपुर हिंसा पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों में हंगामे के बीच इसे एक अगस्त को संसद में पेश किया गया था। अधिकांश विपक्षी दल इस विधेयक के खिलाफ देखे गए थे। दिल्ली सेवा विधेयक पर चर्चा के बाद एक अगस्त की शाम राज्यसभा में वोटिंग हुई थी। जिसमें 131 वोट के साथ दिल्ली सेवा बिल राज्यसभा में पास हो गया था। बिल के विरोध में 102 वोट ही पड़े थे। राज्यसभा में वोटिंग कराने के लिए पहले मशीन से वोटिंग का प्रावधान समझाया गया। लेकिन थोड़ी देर बाद उपसभापति ने घोषणा की कि मशीन में कुछ खराबी है इसलिए वोटिंग पर्ची के जरिए कराई जाएगी। बता दें कि इससे पहले लोकसभा में विपक्षी दलों के बायकॉट के बीच ध्वनिमत से यह बिल पारित हो गया था।केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने राज्यसभा में बताया था कि वह सबूत देंगे कि यह विधेयक किसी भी एंगल से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन नहीं करता है। यह विधेयक दिल्ली पर मौजूदा केंद्र सरकार के अध्यादेश को बदलने का प्रयास है।

**धामी के पूर्व निजी सचिव...**उनसे विभिन्न कामों के लिए अलग-अलग तिथियों में 3.42 करोड़ रुपये ले लिए। यह रकम कभी उन्होंने सचिवालय के पास ली तो कभी विधानसभा के पास इसके बाद भी कई बार मुलाकात विधानसभा और सचिवालय में होती रही। उपाध्याय से वह जब भी मिलते, उनके हाथ में इन कामों से संबंधित फाइलें होती थीं। उन्हें झांसा दिया जाता था कि इन फाइलों पर कुछ हस्ताक्षर की जरूरत है और आपका काम हो जाएगा। इस पर विश्वास करते हुए वह पैसे देते चले गए। लेकिन, काम कुछ नहीं हुआ। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो इस साल मार्च में देने का वादा किया गया। लेकिन, मार्च में उन्होंने बात टाल दी। उसके बाद उपाध्याय ने संजीव और उनके साथियों को घर बुलाया और उन्हें 30 लाख रुपये का चेक दिया जो उनके नौकर शाहरुख के नाम का था। इस चेक को उन्होंने बैंक में जमा किया लेकिन वह बाउंस हो गया। पूर्व निजी सचिव उपाध्याय ने अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए पीड़ितों पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया।जिस दिन उन्हें चेक देने के लिए घर बुलाया, उसी दिन उन पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा दिया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद सभी पीड़ित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पास पहुंचे और अपनी बात उन्हें बताई। सीएम धामी ने एसएसपी को इस मामले में कार्यवाही के निर्देश दिए। जिसके बाद पूर्व निजी सचिव उपाध्याय के साथ उनके साथी सौरभ शर्मा उर्फ सौरभ वत्स निवासी पाम सिटी, उसकी पत्नी नंदिनी, महेश माहरिया, रौनक महारिया, अमित लांबा और शाहरुख खान भी थे। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 07 में क्रमांक 078 पर श्री राज किशन पुत्र अमीर चन्द का नाम अंकित है जिसको दाननामा के आधार पर अपने पुत्र श्री सुमित कुमार पुत्र श्री राजकृष्ण निवासी वार्ड नं0 05 को प्राप्त जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर नामान्तरण करने के लिये अनुरोध किया है जो गृहकर अभिलेखो में नामान्तरण करने 1 के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गदरपुर**


**अभद्रता पर गदरपुर...**15-20 मिनट कार्यालय में रुकने के बाद जब चेयरमैन वापस जाने लगे तो सफाई कर्मियों ने उनसे बातचीत करनी चाही। आरोप है कि इस पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भड़क गए और उन्होंने सफाई कर्मियों से अभद्रता की। सफाई कर्मियों के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया। चेयरमैन और उनके साथियों द्वारा की गई इस अभद्रता के खिलाफ सफाई कर्मी थाना गदरपुर पहुंचे और चेयरमैन व उनके साथियों के खिलाफ प्रदर्शन कर गिरफ्तारी की मांग की। सफाई कर्मियों के सरपंच राकेश संवारिया और अश्वनी कुमार ने बताया कि चेयरमैन द्वारा सफाई कर्मियों से किए गए दुर्व्यवहार से सफाई कर्मियों और वाल्मीकि समाज में रोज व्याप्त है। सफाई कर्मियों ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और उनके साथियों की गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है पुलिस ने देर रात गुलाम गोस, तारीख उल्ला खा, वह एक अन्य के खिलाफ धारा 504 506 एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**गौलापार में लाखों की...** नीलेश पुत्र रामपाल निवासी मुतलकपुर पो. महमूदपुर थाना आंवला जिला बरेली बताया। तलाशी लेने पर शिशुपाल के कब्जे से 107 ग्राम तथा नीलेश के पास से 111 ग्राम अवैध स्मैक तथा स्मैक को तोलकर बेचने हेतु एक इलेक्ट्रोनिक बैटरीयुक्त तराजू बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होंने बताया कि यह स्मैक अपने पड़ोस के गांव जंतीरा थाना ऑवला निवासी भूरा नामक व्यक्ति से खरीदी थी। जिसको बेचने के लिए काठगोदाम आदि क्षेत्र में ले कर जा रहे थे , हमे अच्छा मुनाफा हो जाता है। पुलिस ने स्मैक कब्जे में लेकर वाहन सीज कर दिया। दोनों तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एस एस पी ने बताया कि अभियुक्तगण पिछले एक साल से यह कार्य कर रहे है। हल्द्वानी काठगोदाम सहित विगत एक वर्ष में इनके द्वारा सहारनपुर, देहरादून आदि जगह पर भी स्मैक कि बड़ी मात्रा में सप्लाई किया गया है। पुलिस टीम में उनि फिरोज आलम चौकी इंचार्ज मल्ला काठगोदाम, हेकानि. कुन्दन कठायत एसओजी, कानि. दिनेश नगरकोटी, भानू प्रताप,अनिल गिरी, लोकेश उपाध्याय, प्रकाश शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम के उत्सह वर्धन हेतु पांच हजार रुपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की।

**रूद्रपुर में फिर पकड़े...**ने उन्हें घेरकर पकड लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता बिहारी लाल पुत्र मुन्ना लाल निवासी ऐरो थाना खजुरिया जिला रामपुर, गंगा राम पुत्र ओमप्रकाश निवासी हजीरा थाना मिलक खानम जिला रामपुर हाल निवासी वार्ड 24 ईमली मौहल्ला रम्पुरा, रुद्रपुर तथा आकाश पुत्र मदन लाल निवासी चौरासी घण्टा मन्दिर के पास रम्पुरा बताया। पूछताछ करने पर तीनों ने अपने पास स्मैक होना बताया। मामले की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी नगर पहुंची। मौके पर तलाशी लेने पर पुलिस ने बिहारीलाल के पास से 15.20 ग्राम, गंगाराम के पास से 7.98 ग्राम तथा आकाश के पास से 6.38 ग्राम शुद्ध अवैध स्मैक बरामद की। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने के बाद बरामद स्मैक कब्जे में लेकर नशा तस्करों की दोनों मोटर साईकिलों संख्या यूपी 22 एजे 5784 तथा यूके 06 आर 1202 को सीज कर दिया। तीनों नशा तस्करों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार नामजद

काशीपुर( उद संवाददाता)। दहेज में दो लाख रुपयों की नगदी ना मिलने पर लोभी ससुरालियों ने एक और नववविाहिता को घर से बेघर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगों को दहेज उत्पीड़न की धाराओं में नामजद करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मानपुर रोड निवासी काजल पत्नी तेजपाल ने बताया कि लगभग 2 वर्ष पूर्व उसका विवाह सरदारपुर छामली बड़ापुर बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी तेजपाल पुत्र स्वर्गीय रामपाल सिंह के साथ धूमधाम से हुआ। पिता ने पुलिस को बताया कि शादी की कुछ दिन ठीक-ठाक बीते लेकिन इसके बाद बतौर दहेज दो लाख रुपयों की नकदी को लेकर पति तेजपाल, सास बिल्लो, बबलू पुत्र रामपाल तथा उसकी जेठानी उसे बुरी तरह प्रताड़ित करने लगे। इस बीच परिवार व रिश्तेदार के गणमान्य लोगों ने पीड़िता के ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया लेकिन उनके बर्ताव में कोई परिवर्तन नहीं आया। पीड़िता का आरोप है कि लगभग एक बार पूर्व पति उसे बहाने से मायके छोड़ गया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी चारों आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**दबंगों ने सरेआम...**उपरोक्त चारों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर उसके भाई को बुरी तरह अधमरा कर दिया। इस बीच मौके पर जब वाहन चालकों की भीड़ जमा होने लगी तो अंधेरे का फायदा उठाकर हमलावर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

**एक किलो चरस..**चौकी मण्डी, कानि. फिरोज अहमद, एसओजी टीम के उनि राजवीर नेगी एसओजी प्रभारी, हेकानि. त्रिलोक सिंह रौतेला, कानि. अशोक रावत शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को पांच हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की गयी है।

**कमरे से माबाईल चुराते...**कर लिया । जिन्हें उसने अपने साथी के साथ पकड़ लिया। उन्होंने अपना नाम पता वासु, आमित निवासी राजा कालोनी ट्राजिट कैम्प बताया है। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**भाजपा जिलाध्यक्ष के ....**पर अड़े रहे सूचना मिलने पर भाजपा के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा भी मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों से वार्तालाप के बाद गुलाम गोस, तारिक उल्ला खा, ब एक अन्य के खिलाफ पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज किया।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शासकीय 'विमर्श' से गायब साइकिल 'रिक्शा चालक'

## ई-रिक्शा लील गए आजीविका ,सवारियों का पड़ा टोटा, जैसे-तैसे घिसट रही जीवन की गाड़ी

■ अर्श

रूद्रपुर। एक समय था, जब रुद्रपुर शहर के मेन मार्केट, सभी प्रमुख चौराहों एवं शहर की तमाम चौड़ी एवं सकरी गलियों आदि सभी स्थानों पर साइकिल रिक्शा चालक बहुतायत मे मिल जाया करते थे, लेकिन समय के साथ रुद्रपुर शहर का विकास हुआ और यह नगर से महानगर बन गया। और अब तो रुद्रपुर उत्तराखंड के प्रमुख औद्योगिक महानगरों में शुमार होने लगा है। रुद्रपुर की इस विकास यात्रा में शहर के रहवासियों ने भी बड़े ही उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और अनेक नए साधनों एवं नवीन तकनीकी को अपनी जीवनशैली में शुमार किया और नगर की बदलती सूरत के साथ ही अपनी आर्थिक स्थिति भी बेहतर की। बेहतरी के इस क्रम में शहर के मे यातायात के साधनों की सूरत भी बदली। एक समय के तांगे, पहले साइकिल रिक्शा में बदले ,उसके बाद ऑटो मे और फिर पर्यावरण प्रदूषण की चिंता सामने आने पर ,इको फ्रेंडली ई -रिक्शा के स्वरूप में सामने आए ।कालांतर में शहर के भीतर ई-रिक्शा का प्रचलन कुछ इस कदर हुआ कि आज ई-रिक्शा शहर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सबसे अहम घटक बन गए हैं। ई रिक्शा के प्रचलन ने एक तरफ जहां नगर वासियों को सस्ता एवं तेज पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध कराया है, वहीं दूसरी तरफ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आए हैं। ई-रिक्शा के नगर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अहम हिस्सा बनने का सबसे अधिक दुष्प्रभाव समाज के अंतिम पायदान में पड़े गरीब साइकिल रिक्शा चालकों पर हुआ है। साइकिल रिक्शा चालकों के हालात इन दिनों कुछ ऐसे हैं कि उन्हें अपनी आजीविका चलाने के लिए चौतरफा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। साइकिल रिक्शा की तुलना में ई-रिक्शा से गंतव्य तक शीघ्र पहुंचाना संभव होने के साथ-साथ, किराया भी कम होने के कारण अब लोग ई-रिक्शा के सफर को ही तरजीह देते हैं ।नतीजतन साइकिल रिक्शा चालको को अब सवारियां ही नहीं मिलती ।सवारिया ना मिलने के कारण कभी-कभी तो साइकिल रिक्शा चालकों को रिक्शा का किराया भी अपने पल्ले से देना पड़ जाता है। लिहाजा कुछ रिक्शा चालकों ने तो सवारियों के बजाय रिक्शे से माल ढोना आरंभ कर दिया है ।बताना होगा की शहर में इस समय साइकिल रिक्शा चालकों की कुल संख्या घटकर बमुश्किल पचास के आसपास ही रह गई है। इनमें से कुछ रिक्शा चालक तो शहर में अपना आशियाना बनाने में कामयाब हो गए हैं, लेकिन कुछ को खुले आसमान के नीचे ही रात बसन करनी पड़ती है । इस दौरान उन्हें अनेक प्रकार की चुनौतियों से जूझना पड़ता है मसलन, पुलिसिया घुड़की , ट्रैफिक पुलिस की मार-दुत्कार, नशेड़ी एवं आवारा तत्वों से स्वयं तथा मुश्किल कमाए गए रुपयों को बचाने की जद्दोजहद आदि। जवानी के दिनों से साइकिल रिक्शा चलाकर अपने परिवार के भरण पोषण की गाड़ी खींच रहे, 55वर्षीय प्रीतम सिंह ने 'उत्तरांचल दर्पण 'से अपना संघर्ष साझा करते हुए कहा कि जब ई-रिक्शा नहीं थे तो, आसानी से गुजारा हो जाया करता था। पर्याप्त सवारियां मिल जाया करती थी। अब तो सवारिया ढूंढना ही मुश्किल हो जाता है। सारे दिन की जद्दोजहद के बाद बमुश्किल दो से तीन सौ रुपया तक ही हाथ आ पाते हैं। इस महंगाई के दौर में, इतने में परिवार का गुजारा करना बहुत कठिन है। लेकिन क्या करें? जैसे- तैसे जिंदगी की गाड़ी खींच रहे हैं ।थोड़ा बहुत सरकारी राशन मिल जाता है और कुछ हम रिक्शा चला कर कमा लेते हैं । बस इसी तरह दिन गुजर रहे हैं। वही गांव से रुद्रपुर आकर पिछले तीस साल से साइकिल रिक्शा चला रहे, रामलाल का परिवार बसंती पुर में रहता है। वह वहां से आकर शहर आकर रिक्शा किराए से लेते हैं। सारा दिन मेहनत मशक्कत करते हैं । उन्हें सवारियां तो आजकल मिलती ही नहीं। इसलिए माल ढोने का काम कर के जैसे तैसे आजीविका का प्रबंध कर लेते हैं । एकाद हफ्ते मे अगर ठीक- ठाक कमाई हो गई तो गांव चले जाते हैं, अन्यथा सारा दिन और रात खुले आसमान के नीचे रिक्शे पर ही गुजरती है। उन्होंने आगे बताया कि पहले इंदिरा चौक में रिक्शा वालों के लिए एक सरकारी टीन शेड की व्यवस्था थी, जिसके नीचे हम लोग थक हार कर आराम कर लिया करते थे और वही खाना भी बना लिया करते थे,लेकिन अतिक्रमण हटाओ अभियान में उसे उजाड़ दिया गया। उसके बाद शासन -प्रशासन ने हम गरीबों की सुध नहीं ली। उनके अनुसार उनके जैसे गरीबों को ,गरीबों के लिए ही बने बनाए गए रेन बसेरा में भी एंट्री नहीं मिल पाती। साइकिल रिक्शा चालकों से जुड़ी सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि उनकी यह दयनीय दशा शासन-प्रशासन के विमर्श से पूरी तरह गायब है। कुछ समय पहले गरीब साइकिल रिक्शा चालकों को सरकारी सहायता से ई-रिक्शा दिलवाने की चर्चा सामने आई थी, लेकिन कोविड काल के बाद यह चर्चा होनी भी बंद हो गई है। ताजा हालात में रिक्शा चालकों की एकमात्र उम्मीद नैनीताल हाई कोर्ट पर टिकी है ।बताना होगा की कुछ समय पहले नैनीताल हाईकोर्ट में नैनीताल के साइकिल रिक्शा को, ई- रिक्शा में परिवर्तित करने के लिए एकाएक याचिका दायर की गई थी ,जिसे उच्च न्यायालय ने सुनवाई हेतु स्वीकार कर लिया है। हालांकि यह याचिका केवल नैनीताल क्षेत्र विशेष से संबंधित है, लेकिन क्योंकि उच्च न्यायालय का आदेश सामान्यता पूरे प्रदेश पर लागू होता है इसलिए आशा यह है कि शायद उच्च न्यायालय के आने वाले निर्णय के आलोक में , कुछ भला उत्तराखंड के बाकी के साइकिल रिक्शाचालकों का भी हो जाए।





सवारी का इंतजार करते साइकिल रिक्शा चालक

### उजाड़ दिया गया टीन शेड

रूद्रपुर। कुछ अरसा पहले इंदिरा चौक स्थित यातायात चौकी के पास ही रिक्शे वालों के लिए एक टीन शेड की व्यवस्था थी, जिसमें रिक्शा चालक आराम करने के साथ-साथ वही अपना भोजन भी तैयार कर लिया करते थे। लेकिन इंदिरा चौक का सौंदर्यीकरण अभियान गरीबों के इस इकलौते सहारे को भी निगल गया । इसलिए अब साइकिल रिक्शा चालक अपने रिक्शे पर ही खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं।

### रैन बसेरा में नो एंट्री

रुद्रपुर। शहर में गरीबों के लिए एक रेन बसेरा भी बनाया गया है। इसकी व्यवस्था का दारोमदार नगर निगम पर है, जो ठेके पर इसका संचालन कराता है। पहले यह रोडवेज के सामने नैनीताल रोड पर स्थित था ,लेकिन इन दिनों इसे गांध ी पार्क के पास स्थापित कर दिया गया है ।यह रैन बसेरा अव्वल तो खुलता ही नहीं और यदि कभी कभार खुल भी गया तो इसमें गरीब रिक्शा चालकों को रात गुजारने की अनुमति नहीं दी जाती। उन्हें बेइज्जत कर खदेड़ दिया जाता है।

### टाइल मार्केट टूटने से गहराया संकट

रूद्रपुर। तकरीबन दस साइकिल रिक्शा चालक रामपुर रोड स्थित सोनिया होटल के पास संचालित सस्ती टाइल मार्केट की दुकानों से जुड़े हुए थे और वह ग्राहकों के घर तक टाइल पहुंचाने का काम करते थे ।विगत दिनों कमिश्नर के आदेश पर टाइल मार्केट को तहस-नहस कर दिया गया और दुकान मालिकों के साथ-साथ साईकिल रिक्शा चालकों की आजीविका पर भी संकट आ गया। फिलहाल उक्त साइकिल रिक्शा चालक किसी नए आश्रय की तलाश में हैं।

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338